भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 30.06.2025

## आरेडिका में राजभाषा विभाग द्वारा कम्प्यूटर के अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन

आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द के नेतृत्व में आज दिनांक 30.06.2025 को कमप्यूटर के अनुप्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि वक्ता तौकीर अहमद (मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकीय संस्थान प्रयागराज) ने कम्प्यूटर के बारे जानकारियां प्रदान की।

प्रयागराज से आए अतिथि वक्ता तौकीर अहमद ने आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों कार्यालयीन कार्य में प्रयोग होने वाले कम्प्यूटर के एमएस वर्ड के टाइटलबार, मैनूबार, टास्कबार, फोरमैटिंगबार , बाइनरी कोडिंग आदि पर काम करने की शॉर्ट कीज तथा एक्सेल शीट के प्रयोग के संबंध में बहुत ही उपयोगी बिन्दुओं पर चर्चा की ।

आरेडिका के राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन ने कार्यक्रम के अंत में सभी धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन, जनसम्पर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय फैशन संस्थान से नराकास के सदस्य तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

30/06/25

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी